।। श्रीहरिः।।

श्रीनवनीतप्रियाजी के घर की सेवा रीत पर आधारित...

सेवा प्रणालिका



॥ मंगलानुशासन अनंतश्री विभूषित भगवद्प्रियाचार्यः
गोपीपतिरतिमार्ग प्रवर्तकः पुष्टिभक्तिप्रमाणीय त्रैलोक्यगुरुः सार्वभौम वैष्णवाचार्यः
परब्रह्म सिद्धांत वक्तु वेदमार्गप्रतिष्ठापनाचार्यः शुद्धाद्वैत साकारब्रह्मवाद संस्थापकाचार्यः
वैश्वानरावतारः महाप्रभुः श्रीमद्वल्लभाचार्यचरण महासंस्थानम वापीपुरम् ॥

卐 | भक्तिसेतुः | 卐

भाद्रपद कृष्ण अष्टमी - नवमी

-: जन्माष्टमी - नन्दमहोत्सव :-

मंगला - श्रीप्रभु जागे बेग सो । जागते भये में बधाई गवे आज बडो दरबार । श्रीमहाप्रभुजी के श्रंगार होवें । मंगलभोग धरनो ।
वारा सेव के लड्डू को । भोग धरके पंचामृत की तैयारी करनी । भोग सरे आचमन मुखवस्त्र करनो । मंगला आरती होवे ।

पंचामृत :- दूध, दही , घी, बूरा, शहद, कंकू-पीताक्षत, तुलसीदल, ठंडो जल, समोयो गर्म जल, स्नान को पट्टा, शंख, सूखी हल्दी, अभ्यंग की सब तैयारी ।

सूखी हल्दी को अष्टदल मांडनो वापे थाल एवं पट्टा पधरावनो । पट्टा पर कंकू को अष्टदल एवं वापे लाल वस्त्र बिछावनो । श्री प्रभुन कूं सिंगार वडे करके पधरावने पीछे तिलक - अक्षत करनो । निवेदन मंत्र बोलते भये तुलसीदल समर्पित करने । शंख एवं सब डबरियान में तुलसी पत्र पधरावने । संकल्प करनो । फेर पंचामृत श्री आचार्यजी को स्मरण एवं नमन करके प्रारंभ करनो ।
प्रथम दूध फेर दही, घी, बूरा , शहद पीछे फेर दूध एवं छेल्ले ठण्डे जल सू करनो । पीछे अभ्यंग करावनो । अंगवस्त्र करिके फेर अत्तर समर्पित करनो । पीछे श्रंगार के पाट पर श्री कूं पधरावनो ।

श्रंगार - केसरी जामदानी को वागा धरनो । पीछे अंजन करनो । कमलपत्र होवें । फेर सिंगार धरने । कुह्ले चित्र की । पाँच को जोड । पान - तुर्रा हीरा के । मकराकृत कुण्डल । बडे फोंदनो । उत्सव के सब आभरण शीशफूल हीरा को अर्धचंद्र । तीन जोड को भारी सिंगार । कटला, त्रवल, बघनखा सब आवे । ठाडे वस्त्र मेघश्याम । सिंगार होते भये सिंगार भोग पास में धरनो । प्रभुन कूं सिंघासन पर पधरावने । आरसी दिखाने । चून के दीवला की आरती प्रकटाके प्रभुन कू तिलक अक्षत दो बेर शलाका सूं करनो । पीछे बीरा दो कंकू मे बोर के श्रीप्रभुन के दक्षिण भाग में सिंहासन पर पधरावने । 2 श्रीफल भेंट समेत धरने । तुल्सीदल समर्पने । मुठियावार के आरती करनी ।
सब आपस में तिलक करें ।

राजभोग - आखो पाटिया । मनमनोर के लड्डुआ, बिलसारू, पापड, कचडिया, केसरी फेनी, खीर चोखा की डेढी, भुजेना, 5 भात, मूंग की दाल, पकोडी की कढी, तिनकुडा, पापड, कचरिया, वडी के शाक, केसरी सफेद फेनी, बडा की छाछ, सिखरनबडी, भुजेना 4 और रायता दाख को ।
दूधघर मे केसरी-सफेद :- खोपरापाक, बासौंधी, पेडा - बरफी, दोनों प्रकार के दही, मेवाबाटी, गूंजा तथा सब उत्सव की सामग्री धरें ।
भोग सरें आचमन मुखवस्त्र होवें ।
बीरी आरोगें । मालाजी धरें । सब जडाऊ साहित्य आवें । सब साज राजभोग को मंडे। पट चौपड को बिछे । नित्यवत सब क्रम होकर अनौसर होवें ।

उत्थापन - शयन - नित्यवत । शयनभोग धरके नन्दमहोत्सव को पलना साजनो

जागरण - (ये क्रम मंदिर में होवे) शयन पीछे राजभोग दर्शन वत साज मंडे। झुनझुना आदि सू खिलावे । जन्म समय के पंचामृत । महाभोग आवे । महाभोग सरे, आचमन मुखवस्त्र होय। महाभोग की आरती होय ।

<u>नन्दमहोत्सव</u> - पलना में प्रभु बिराजें ।
* नवमी कू सबेरे गोस्वामी बालक तथा नन्दरायजी संग बैठके छट्ठी को पूजन, वसोधारा करें। फेर नन्दमहोत्सव के लिये नन्दरायजी कू हाथ पकड के चौकी पर बिठावें । जसोदाजी कू भी हाथ पकड के पलना पास पधराने । जसोदाजी माला-पीताम्बर धरें, भेंट न्योछावर करें फिर पलना झुलावे बिराजें । सब गोस्वामी बालक, बहूजी बेटीजी जसोदाजी सू आज्ञा मांगके ठाकुरजी कू पीताम्बर धरें, भेंट न्यौछावर करें । नन्दरायजी कू दूर्वा की कलंगी धरायके तिलक, अक्षत करिके, चंदन और दूर्वा सू दही छांट के पूजन गोपी-ग्वाल करें । फेर नन्दमहोत्सव आरंभ होय !
नन्दमहोत्सव की आरती बाद गादीजी मे नन्दबाबा कू दण्डौत और जसोदाजी के चरणस्पर्श होवें । मांदल, गीतनवारी, झांझ बिदा होय जाएँ ।
फेर सेवा मंगलभोग सु प्रारंभ होय । सेवाक्रम नित्यवत चले।
* (नवमी :- श्रीगोकुलनाथजी तातजी के ज्येष्ठ लालजी श्रीकृष्णजीवनजी महाराज को उत्सव)
सामग्री- वारो खिचडिया के नग, आधो पाटिया, नित्यनेग ।

<u>भादों वद 10 - (नियम को श्रंगार)</u>
साज नयो जन्माष्टमी वालो , वस्त्र जन्माष्टमी वाले । श्रंगार जन्माष्टमी के ।
परचारगी को सिंगार श्रंगार मे दुग्दुगी के ठिकाने बगनखा धरें । बडे कंठला नहीं आवें। श्रंगार थोडो जन्माष्टमी सूं हल्को । अनोसर में कुह्ले रहे ।
सामग्री - बूंदी, मेवाभात, कंद तथा नित्यनेग ।

<u>भादों वद 11 - (रीत को सिंगार)</u>
साज नन्दमहोत्सव (चित्र वालो)
केसरी झालर की टोपी वस्त्र केसरी जन्माष्टमी के । वागा नहीं धरें । आभरण उत्सव के । फोंदना छोटे । श्रंगार हीरा माणिक के । कंठला गादी पर एक राधाष्टमी तक नित्य आवे ।
सामग्री - नित्यनेग । पंजीरी - माखन मिश्री की कटोरी आज सूं राधाष्टमी तक आवें ।

<u>भादों वद 12</u>
साज नन्दमहोत्सव (चित्र वालो)
पचरंगी लेहेरिया के वस्त्र, पन्ना के आभरण । बाबरी टोपी ।
(ति.श्रीदाऊजी (तृतीय) कृत नियम को नन्दभवन में पलना को मनोरथ । लालन चौतरा या निजमंदिर के बगीचा में पधारें)
सामग्री- नित्यनेग ।

भादों वद 13
साज फिरोजी
फिरोजी वस्त्र, गुलाबी मीना के आभरण , गोल पाग - फिरोजी कतरा चमकनो ।
सामग्री- नित्यनेग ।

भादों वद 14
श्रीकाका-वल्लभजी को उत्सव
साज पीलो मखमल को, वस्त्र पीली चुनरी के, कसुमल कुलह - जोड रुपेरी चमकना, जूही-वल्लभी-कमल धरें । जोडी माणिक । चोटी धरें । गादी हीरा की, पलंगडी सोना की, अधिकचा आवे। ठाडे वस्त्र मेघश्याम । पुखराज को कटला ।
सामग्री :- वारो फरती गोपाल वल्लभ बूँदी-जलेबी । आखो पाटिया ।
दहीवडा, डेढी खीर, हाँडी, मीठो शाक, मूँग की दाल, पकोडी की कढी, पापड, कचरिया, तिलवडी-ढेबरी ।

भादों वद 30
साज साज नन्दमहोत्सव (चित्र वालो)
कोयली रंग के वस्त्र, हीरा की टोपी बाबरी श्याम । हीरा के आभरण ।
सामग्री- नित्यनेग ।

भादों सुद 1
(श्रीराधाष्टमी की बधाई बैठे)
साज केसरी । केसरी वस्त्र , केसरी गोल पाग, कतरा एक चमकनो, पन्ना के आभरण । हलका श्रंगार । सामग्री नित्यनेग । ठाडे वस्त्र पोपटी ।

भादो सुद 2
साज लहरिया, राजाशाही लहरिया के वस्त्र , हीरा की टोपी - तीन फोन्दना वाली । श्रंगार मध्य को । हीरा की जोडी । सामग्री नित्यनेग ।

भादों सुद 3
साज - वस्त्र अमरसी, समला की टोपी (फिरोजा), आभरण फिरोजा के । सामग्री नित्यनेग ।

भादों सुद 4
(डंडा चौथ)
साज बाललीला को डांडिया को चित्रवालो ।
लाल चौफुली चुनरी के वस्त्र । ताकी टोपी । ठाडे स्वरुपन कू चुनरी की छज्जेदार पाग, लूम की कलंगी, लूम तुर्रा रुपेरी । सूथन पटुका । ठाडे वस्त्र पोपटी । आभरण तडतडी (हीरा के) ।
सामग्री :- बूंदी के लड्डू, चुरमा (सखडी मे) ।

भादों सुद 5
(श्रीचंद्रावलीजी को उत्सव)
साज बाललीला को डांडिया को चित्रवालो ।
वस्त्र पीले एकदाली चुनरी के । चुनरी की कुलह । कुलह पर 3 बादला के तुर्रा ।
(मतलब कुलह पर पान, पान पे 3 ज़री के तुर्रा) हीरा-पन्ना के आभरण । पन्ना की चोटी । पलंगडी पे अधिकचा आवे । ठाडे वस्त्र लाल ।
सामग्री :- मनोर के लड्डुआ, हाँडी , मंडला ।

भादों सुद 6
(बलदेवछठ)
साज लेहेरिया को । वस्त्र पचरंगी लहरिया के । छज्जेदार पाग, हीरा के आभरण, सादा चंद्रिका । कर्णफूल 4 । हलको श्रंगार । ठाडे वस्त्र सफेद । अनौसर में पाग पर शीशफूल रहे । राजभोग मे थाली की आरती ।
सामग्री :- हाँडी, बूंदी-जलेबी, बिलसारू, खीर, बडा की छाछ । मूंग की दाल, पकोडी की कढी । आधो पाटिया ।

भादों सुद 7
साज - वस्त्र कसुमल । गोल पाग, सादा मोरचंद्रिका बांकी , पन्ना के आभरण । सामग्री नित्यनेग । (विशेष : सफेदी वडी होजावे)

भादों सुद 8
(श्रीराधाष्टमी)
साज लाल मखमल जन्माष्टमी वालो ।
अभ्यंग, वस्त्र केसरी जामदानी के, वागा धरें , कुलह केसरी, 5 चंद्रिका को जोड, कमलपत्र होंय, कुण्डल मकराकृति, भारी श्रंगार । श्रंगार मिलमा भारी दुहेरा । कटला नहीं । ठाडे वस्त्र मेघश्याम । गादी हीरा की , पलंगडी सोना की - अधिकचा आवे । श्रीमहाप्रभुजी के श्रंगार होवें ।

* गोपीवल्लभ धरिके श्रीभावनाजी सिद्ध होवें । केसरी साडी, लाल लहेंगा-चोली, जडाऊ के आभरण धरें ।
* राजभोग मे कुंजा-आबखोरा आवे
* माला तिलक के समय धरें सो उत्थापन समय वडी होवे ।
* भावनाजी को थाल आवे ।
* साँझ कू ढाढी-ढाढिन लाडिले लाल के सन्मुख नाचे ।
* कुलह पर ताईत धरके अनौसर होंय ।
सामग्री - बूंदी के लड्डुआ को वारा, एवं पंजीरी । आखो पाटिया ।

5 भात, छडियल दाल, पापड, कचरिया, तिनकुडा, वडी के शाक, बिल्सारू, मठडी, केसरी-सफेद फेनी, खीर चोखा की डेढी, बडा की छाछ, मैदा की पूडी, सिखरनबडी, भुजेना 4 और दूधघर मे खोपरापाक, बासौंधी, पेडा/बर्फी केसरी सफेद तथा सब उत्सव की सामग्री ।रायता दाख को ।
(विशेष : सब समय आरती थाली की एवं जमनाजल की झारी , साज सब जडाऊ ।
राजभोग आये पहले भावनाजी कू 2 माला धरें तथा बीडा धरनो कंकू मे बोरे भये ।
श्रीठाकुरजी कू तिलक पहले होय, फेर भावनाजी को टीकी, गुलाल, अबीर, चोवा, चंदन सू सूक्ष्म खेल होवे । चंदन की आरसी देखें फेर तिलक अक्षत होवें प्रभुन कू । फेर चून के दीवला की आरती, राई-नोंन न्योछावर होवे। फेर श्रीफल एवं भेंट करनी । पीछे थाल सने एवं राजभोग आवे ।
राजभोग सरवे पे भावनाजी के भी आचमन मुखवस्त्र होवें । बीरी संग आरोगें । श्रीभावनाजी को बडे करिके शैय्या मंदिर में पधरावें ।
फेर राजभोग दर्शन खुलें , रूपे के दिवला की आरती। बडी आरसी देखें ।

भादों सुद 9
(रीत को श्रंगार , परचारगी को)
साज - वस्त्र श्रंगार सब वडते । कुलह पर पान धरें, श्रीकंठ में बगनखा आवे । वागा धरें ।
सामग्री - सेव के लडुआ, मेवाभात ।
(विशेष : सांझ कू गादी तकिया पर सफेदी चढ जाए)

भादों सुद 10
साज / वस्त्र कसुमल, गोल पाग, चंद्रिका सादा बांकी, पन्ना के आभरण । हलको सिंगार ।
सामग्री - नित्यनेग ।

भादों सुद 11 (दान एकादशी - ठाकुरजी श्रीकुंवरलाडिलेलाल को पाटोत्सव)
साज - दान के चित्र को
कसुमल वस्त्र, माणक को मुकुट, जोडी माणक की बाकी सब आभरण हीरा-माणिक के, मयूराकृत कुण्डल, फोन्दना बडे भारी श्रंगार । चोटी नही धरें ।
पीताम्बर के उपरना आवें । ठाडे स्वरुप काछ्नी लाल तथा कोयली रंग की धरें, ठाडे वस्त्र सफेद।
* सब समय थाली की आरती, जमुनाजल की झारी ।
* राजभोग तथा संध्या आर्ति में ठाडो वेत्र धरें ।
* राजभोग में ठाकुरजी को तिलक होय । बडी आरसी देखें ।
* माला वडी नहीं होय । पलंगडी की माला वडी होय ।
सामग्री - आज दान की हांडी गोपिवल्लभ मे आरोगें मीठो, खट्टो, छोंक्यो दही की ।
तथा दान एकादशी सों आसो.वद.11 तांई दान की हांडी नित्य राजभोग मे आरोगें - 1 दूध की, 1 मीठे दही की ।
पाटोत्सव की सामग्री - मनोर के लडुआ को वारा, 5 भात, छडियल दाल, पकोडी की कढी, डेढी खीर केसरी, दही वडा, सिखरनवडी, आखो पाटिया हांडी तथा भोग उत्सव वत । रायता दाख को ।
(विशेष : दान एकादशी सों आसो.वद.11 तांई चोटी नहीं धरें)

भादों सुद 12
(वामन द्वादशी - श्रीगोकुलनाथजी तातजी महाराज को उत्सव)
साज केसरी । श्रीमहाप्रभुजी के श्रंगार होवें । पलंगडी के अधिकचा आवें ।
अभ्यंग, वस्त्र केसरी मलमल के, कुलह 3 चंद्रिका को जोड, पन्ना के पान तुर्रा, आभरण हीरा/पन्ना के मिलमा । कटला, जूही, वल्लभी, कमल धरें ।
झारीजी जमनाजल की भरें । कुलह धरके अनौसर होंय ।
ठाडे स्वरुप धोती उपरना पे कुलह जोड धरें , ठाडे वस्त्र सफेद ।
सामग्री - वारा सेव के लडुआ को । रायता दाख को, खोवा के गुंजा । दहीभात, मेवाभात, हांडी - जलेबी, तिनकुडा,मूंग की दाल, पकोडी की कढी व भोग उत्सव वत । आधा पाटिया ।
(विशेष - राजभोग मे खंड लगके पंचामृत होवें श्रीबालकृष्णजी के (पंचामृत के ठाकुरजी) । पंचामृत बाद श्रीठाकुरजी के दहिने आडी श्रीबालकृष्णजी को पधराय पीताम्बर,माला, तिलक करी तुल्सीजी समर्पनो । श्रीनवनीतप्रियाजी (ठाकुरजी) को तिलक नहीं होवें ।
उत्सवभोग फलहार को आवे, हांडी, मीठोशाक, दहीवडा, दोनों पना, लीला मेवा की छाब ।
उत्सव भोग सरके फेर राजभोग दर्शन खुलें, आरती थाली की रूपे के दिवला की ।
ठाकुरजी की माला वडी होय, पंचामृत के ठाकुरजी की माला उत्थापन मे वडी होय)

* अगर दान एकादशी एवं वामन द्वादशी भेले होय तो वस्त्र केसरी धरे एवं श्रंगार दान एकादशी को होय । पिछवाई दान की बंधे । अनौसर में कुलह धर के पोढें ।
* अगले दिन वामन द्वादशी को सब श्रंगार होवें श्रंगार धोती उपरना कुलह - 3 को जोड को होय, वस्त्र केसरी ही आवें । श्रीमहाप्रभुजी के श्रंगार होवें ।

भादों सुद 13
परचारगी को सिंगार । कुलह की जगह किरीट भी धरे कभी कभी ।
सामग्री - नित्यनेग ।

भादों सुद 14
साज / वस्त्र लाल एकदाली चुनरी के, गोल पाग, आभरण फिरोजा के । श्रंगार हलको ।
सामग्री - नित्यनेग

भादों सुद 15
(सांझी को प्रारंभ)
साज दान को । वस्त्र खसखसी, हीरा को मुकुट, आभरण हीरा/पन्ना के।
ठाडे वस्त्र सफेद । सामग्री नित्यनेग ।
(विशेष :- सांझ कू सांझी को पट्टा आवे । गेंद छडी दो-दो फूल की आवें)

आसो वद 1

साज धनक को । पीले वस्त्र, पीली गोल पाग, कतरा चमकनो, आभरण पन्ना के । श्रंगार हलको । सामग्री - नित्यनेग ।

आसो वद 2

साज गिरिराजजी वालो । कसुमल वस्त्र, कसुमल फेंटा, लोलकबंदी कर्णफूल, आभरण हीरा एवं नीलम के । चंद्रिका एवं बायां कतरा चमकने । श्रंगार मध्य को । सामग्री नित्यनेग ।

आसो वद 3

साज गिरिराजजी वालो । वस्त्र पीले, माणक को मुकुट, माणक के आभरण । श्रंगार भारी । कुण्डल मयूराकृत । ठाडे वस्त्र सफेद । सामग्री नित्यनेग ।

आसो वद 4

साज लाल धनक को ।
वस्त्र फिरोजी, श्रंगार टोपी । हलको श्रंगार । आभरण मोती के । सामग्री नित्यनेग ।

आसो वद 5

(श्रीहरिरायजी महाप्रभुजी को उत्सव - रीत को सिंगार)

साज मोरवालो । वस्त्र केसरी (रुपेरी तुइ वारे), फिरोजा को मुकुट, फिरोजा के आभरण, मयुराकृत कुण्डल । चंद्रहार, पवित्रा, कमल धरें । ठाडे वस्त्र सफेद । सामग्री - बूंदी-जलेबी, नित्यनेग ।

आसो वद 6

साज लाल एकदाली चुनरी को । पीले लेहेरिया के वस्त्र , पन्ना को मुकुट, पन्ना के आभरण, मयूराकृत कुण्डल । ठाडे वस्त्र सफेद । सामग्री- नित्यनेग ।

आसो वद 7

साज-वस्त्र कसुमल धोरा के । श्रंगार टोपी । जोडी हीरा , हलका श्रंगार । सामग्री-नित्यनेग ।

आसो वद 8

(श्रीगोपीनाथजी के पुत्र श्रीपुरुषोत्तमजी को उत्सव)

साज-वस्त्र पीलो । नीलम को मुकुट, कुण्डल हीरा के । जोडी हीरा । नीलम के आभरण ।
पवित्रा, कुमुदनी (नीलकमल माला) धरें । भारी श्रंगार । ठाडे वस्त्र सफेद । सामग्री-नित्यनेग ।

आसो वद 9

साज दान को ।
वस्त्र गुलाबी । श्रंगार जडाऊ को टिपारा , पन्ना के आभरण । ठाडे वस्त्र पोपटी ।
सामग्री-नित्यनेग ।

आसो वद 10

(श्रीमिथुनरायजी बावासाहब जन्मदिवस)

साज लाल धनक को । कसुमल वस्त्र (रुपेरी किनार के) फिरोजा को मुकुट । फिरोजा के आभरण । मयुराकृति कुण्डल । पवित्रा,कमल धरें । भारी श्रंगार । ठाडे वस्त्र सफेद ।
सामग्री - हांडी , जलेबी, मूंगकी दाल, पकोडी की कढी ।

आसो वद 11

दान के चित्र को साज ।
वस्त्र श्याम धोरा के, हीरा को मुकुट, हीरा मोति के आभरण । जूही ,वल्लभी , कमल धरें ।
भारी श्रंगार । मयूराकृत कुण्डल । ठाडे वस्त्र सफेद । सामग्री - नित्यनेग ।

आसो वद 12

(श्रीआचार्यजी के बडे लालजी श्रीगोपीनाथजी को उत्सव)

साज-वस्त्र कसुमल । 5 चंद्रिका को जोड, पन्ना के आभरण । भारी श्रंगार । चोटी धरें ।
ठाडे स्वरुप - लाल धोती उपरना पे कुलह - 5 को जोड, ठाडे वस्त्र सफेद। कुलह धरके पोढें।
राजभोग आरती थाली की ।
सामग्री - आधा पाटिया, मनोर के लडुआ, हांडी, मूंग की दाल, पकोडी की कढी ।

आसो वद 13

(श्रीगुसांईजी के तृतीय लालजी श्रीबालकृष्णजी को उत्सव)

साज-वस्त्र केसरी , पिछोडा । केसरी कुलह - जोड चमकनो सुनहरी । माणक के आभरण । श्रंगार भारी । कुण्डल मकराकृत । ठाडे वस्त्र मेघश्याम । अनोसर मे कुलह धरके पोढे ।
सामग्री - हांडी, तुवर की दाल, पकोडी की कढी तथा नित्यनेग ।

आसो वद 14

साज (चौफुली चुनरी) ठकुरानी तीज वालो ।
पीले धोरा के वस्त्र, श्रंगार टोपी । हलका श्रंगार ।
सामग्री- कुर के गुंजा , नित्यनेग ।

आसो वद 30

(कोट की आरती - सांझी की समाप्ति)

साज महादान को चित्र को ।
वस्त्र श्याम धोरा के । किरीट मुकुट - कुण्डल सादा हीरा के । श्रंगार खांचापुर । चोटी नहीं धरें ।
ठाडे वस्त्र सफेद । सामग्री - नित्यनेग ।
विशेषः- सांझी के पट्टा पे चमक को कोट मंडे । शयन पीछे लाल छापा को चंदरवा बंधे ।

आसो सुद 1
(नवरात्री प्रारंभ - रीत को सिंगार)
साज लाल छापा को ।
अभ्यंग । श्रीमहाप्रभुजी के श्रंगार होवें, अधिकचा आवे।
गादी हीरा की । वस्त्र लाल छापा के, कसुमल कुलह - 5 चंद्रिका को जोड, चोटी हीरा की ।
मकराकृत कुंडल । गादी को सिंगार दुहेरा । जूही, वल्लभी, कमलमाला धरें ।
अनोसर मे कुलह धरके पोढे। ठाडे वस्त्र सफेद ।
* आज सू वागा शुरु । वागा संध्या आरती पीछे बडो हो जाये ।
* ठाडे स्वरुप खुंले बन्ध को वागा धरें ।
* शैय्याजी पर छापा की चादर ओढें ।
सामग्री - आखो पाटिया, मनोहर के लडुआ, छाछबडा, हांडी, मूंग की दाल,पकोडी की कढी, तिनकुडा, बडी को शाक तथा भोग उत्सव वत । दशहारा तक दहीबडा आरोगें ।

आसो सुद 2
साज पीले छापा को । पीले छापा के वस्त्र, पीले खूंट को दुमाला । सेहरा ।
फिरोजा के सब जोडी- आभरण । फिरोजा के मकराकृत कुंडल । श्रंगार भारी । ठाडे वस्त्र मेघश्याम । सामग्री - बाबर, खंडरा की कढी, नित्यनेग ।

आसो सुद 3
साज हरे छापा को झाड वालो ।
हरे छापा के वस्त्र । ग्वाल पगा, मोरशिखा सुनहरी चमकनी । माणिक की जोडी । कुंडल । ठाडे वस्त्र श्याम । सामग्री - बूंदी के लडुआ, सेंव के लडुआ, नित्यनेग ।

आसो सुद 4
साज चित्रकाम की ।
वस्त्र केसरी छापा के, गोल पाग - लूम की कलंगी, कर्णफूल 2, सिंगार खांचापुर ।
ठाडे वस्त्र पोपटी । जोडी पन्ना की । सामग्री - चूरमा, नित्यनेग ।

आसो सुद 5
साज श्याम छापा को । वस्त्र श्याम छापा के । गादी मोती की ।
श्रंगार गोटी पगा (मतलब मोती की कुलह पर पान के ठिकाने एक तुर्रा धरें) मोती को कतरा । जोडी आभरण सब मोती । चोटी , कुण्डल धरें । ठाडे वस्त्र लाल । सींप को कटला ।
सामग्री - पूरनपूडी तथा सखडी में बेसन की गोली को प्रकार होय ।

आसो सुद 6
साज-वस्त्र गुलाबी छापा के । गुलाबी छापा को टिपारा, कतरा चंद्रिका ज़री के । मध्य को सिंगार । श्रीकर्ण मे मत्स्याकृति कुंडल । ठाडे वस्त्र मेघश्याम । सामग्री नित्यनेग ।

आसो सुद 7
(सरस्वती पूजन)
साज फिरोजी छापा को । वस्त्र फिरोजी छापा के । केसरी छापा की गोल पाग, कतरा एक चमकनो । हीरा के आभरण । श्रंगार हलको । ठाडे वस्त्र गुलाबी ।
सामग्री - पपची एवं सेव को आधापाटिया, नित्यनेग ।

आसो सुद 8
साज सफेद छापा को । सफेद छापा के वस्त्र । सुनहरी डांक को मुकुट । पन्ना-हीरा के मिलमा आभरण । ठाडे वस्त्र सफेद । सामग्री - मनोहर के लड्डुआ, नित्यनेग ।

आसो सुद 9
साज लाल छापा । लाल छापा के वस्त्र । लाल गोल पाग, चंद्रिका। पन्ना के आभरण, श्रंगार हलको । ठाडे वस्त्र पीले । सामग्री - दहीथरा, नित्यनेग ।

आसो सुद 10
(दशहरा - श्रीगिरिधरजी के बडे लालजी श्रीमुरलीधरजी को उत्सव)
साज सफेद ज़री को ।
श्रीमहाप्रभुजी के श्रंगार होवें , अधिकचा आवें ।
गादी हीरा की । मंगला में सफेद छापा को उपरना ओढे । अभ्यंग । सफेद ज़री के वस्त्र ।
चीरा की पाग, सादी चंद्रिका । कर्णफूल 4 माणिक के । सिरपेच पटिया को । लूम माणिक की । श्रंगार भारी, चंद्रहार, जूही, वल्लभी, कमलमाला धरें। जोडी माणिक। ठाडे स्वरुप तलवार कटार धरें , ठाडे वस्त्र हरे । पाट पर सतरंज बिछे । अनोसर में चीरा धरके पोढे ।
* निजतिबारी मे राजभोग समय आज सू नित्य गाय मंडे (गोपाष्टमी तक)
* अन्नकूट सामग्री (भट्टी पूजा) हेतु रसोई के मुखिया कू बीडा झिलाय आज्ञा देनी ।
* सांझ कू उत्थापन भोग धरके जवारा की कलंगी पीले रेशम के डोरा सूं बांधनी ।
तिलक की तैयारी करनी वामें कंकू, अक्षत, गुलाबजल, शलाका, बीडा 2 कंकू लगाय के एवं तुलसीदल राखने ।
* आज से मंगला निजमंदिर मे होंय । आरती भीतर सू होय ।
* आजसू शयन मे आडबन्द बन्द होय, वागा हमेशा रहे । पोढते समय वडो होय ।
* आज शयन मे 2 माला गुलबास की धरें । आज से शयन मे 2 फूलमाला धरें, माला को जोड बन्द होय ।
* शैय्याजी पर कारचौब के अधिकचा आवें । स़फेद जरी की चादर आवे ।

जवारा धरवे को क्रम - भोग सराने । खंड खिलोना सहित रहे । घंटानाद होय । तिलक अक्षत होय । पीछे चंद्रिका विजय करनी, और वहां जवारा की कलंगी धरावनी । थोड़े खुले जवारा चरणारविंद में पधरावने । तुलसीजी समर्पने । बीडा जेमनी आडी बंटा के पास धरने ।.....
श्रीमहाप्रभुजी कू तिलक होय, जवारा धरें । आरती चून के दीवला की, कुम्कुम के अष्टदल वाली ।

आरती भोग तथा माठ के उत्सव भोग संग धरने । उत्सव भोग में विशेष मे 10 माठ आवें । बाकी सब दूधघर की सामग्री भी आवे । भोग धरें पीछे दशहरा पूजन होवे । (आकासी दीप चढे कार्तिक सुद पूनम तक रहे) । संध्या आरती रसेले दीवला की, थाली की दशहरा मंडी भई होय ।
श्रंगार बडे भये पीछे वागा धरें ,चीरा पे ताईत धरें तथा जवारा की कलंगी नई।
सामग्री - आखो पाटिया, हांडी, खीर, बडा की छाछ, कन्द । मूंग की दाल, पकोडी की कढी तथा भोग उत्सव वत । दशहरा को गो.व. - खोवा के गुंजा । श्रीमुरलीधरजी के उत्सव को गो.व. बूंदी-सकलपारा को ।

* कन्द धरें पर सकरकन्द देव प्रबोधिनी सूं प्रारंभ होवे ।
* श्रीमुरलीधरजी को उत्सव अलग होय तो साज/वस्त्र सफेद ज़री के, श्रंगार चीरा पे कांच के जवारा धरें । आभरण पन्ना के । सामग्री - हांडी, बूंदी-सकलपारा । आखो पाटिया । तिनकुडा, मूंग की दाल, पकोडी की कढी तथा भोग उत्सव वत । उत्सव साथ होवे तो सब सामग्री साथ ही आवे ।

<u>आसो सुद 11</u>
साज महारास को चित्रवारो।
* मंगला मे जरी के आत्मसुख धरके बिराजे आज सूं (फडका के वागा) ।
* रास के दिनों मे मुकुट धरें तब चोटी नहीं धरें ।
वस्त्र केसरी मलमल (रुपेरी तुइ वारे), श्रंगार डांक को मुकुट । मयुराकृति कुण्डल ।
आभरण सब माणिक के । भारी श्रंगार । ठाडे वस्त्र सफेद ।सामग्री - नित्यनेग ।

<u>आसो सुद 12</u>
साज महारास को चित्रवारो।
वस्त्र लाल ज़री के, पन्ना को मुकुट, पन्ना के आभरण । श्रंगार भारी । मयुराकृत कुण्डल ।
ठाडे वस्त्र सफेद । सामग्री - नित्यनेग ।

<u>आसो सुद 13</u>
साज श्याम ज़री को । वस्त्र श्याम ज़री के, चीरा पे जमाव को कतरा । हीरा की जोडी ।
श्रंगार मध्य को । ठाडे वस्त्र हरे । सामग्री - नित्यनेग ।

<u>आसो सुद 14</u>
साज सफेद ज़री, टिपकी तारा को ।
सफेद ज़री के वस्त्र । हीरा को मुकुट, मयुराकृत कुण्डल । हीरा की जोडी । ठाडे वस्त्र सफेद ।
शयन मे खिडकी की पाग धरके विराजें (श्याम खिडकी) । सामग्री - नित्यनेग ।

आसो सुद 15
(शरद पूर्णिमा)

साज/वस्त्र सफेद ज़री कारचौब के ।
श्रीमहाप्रभुजी के श्रंगार होंय, सफेद कारचौब के अधिकचा आवे ।
अभ्यंग । कमलपत्र होंय। गादी हीरा की । पूरे दिन झारी जमनाजल की ।
सफेद ज़री के वस्त्र । हीरा को मुकुट आवे । शीशफूल अर्धचंद्र हीरा को ।
जोडी हीरा, मकराकृत कुण्डल हीरा के । कस्तूरी की माला। भारी श्रंगार - जूही, वल्लभी, कमलमाला । गादी को श्रंगार दुहेरा ।
ठाडे स्वरुप :- मेघश्याम चोली, सूथन-काछनी सोनेरी-रूपेरी ज़री की, उपरना पीताम्बर के ओढे, लालन ओढनी के ऊपर पीताम्बर धरें । चोटी नहीं धरें ।
सांझ कू शरद की आरती पीछे श्रंगार विजय होके सफेद पाग (श्याम खिडकी) ताईत धरके पोढें । निज तिबारी मे पोढें । आभरण, सामग्री सब शैय्या के पास छाब मे पधरावने । अनौसर मे कमलपत्र रहें । पूरे दिन तथा शैयाजी मे नित की झारी जमनाजल की ।

* सांझ कू श्रंगार विजय नहीं होंय । शयनभोग धरके चौक खासा करनो । सब सफेद बिछात करावनी, शरद को साज आवे । सिंहासन, खंड पाट लगावनो । गुलाबदानी, चंदन की बरनी सब जडाऊ आवे । बीरा अधकि आवे । श्री कूं पधरावने, भोग पास मे धरने । झारीजी पर सफेद नेवरा आवें । मुकुट पर चांदनी आवे तब आरती होवे । न्योछावर राई लोन होवें ।

सामग्री - आखो पाटिया । हांडी, मनोहर के लड्डुआ तथा भोग उत्सव वत।
रात्री को शरद मे दूध की हांडी, खाजा, घेवर, बूरा भुरक्या, चोखा को मगज, चोखा की खीर, सिखरनबडी, छाछबडा, बिलसारू, फल सब तरह के, मेदा की पूरी, खरखरी, गूंजा एवं सब दूधघर की सामग्री ।

कार्तिक वद 1
(दूसरी शरद)

साज-वस्त्र, श्रंगार सब शरद पूर्णिमा के ही होवे । ओढनी के ऊपर पीताम्बर नहीं धरें ।
सांझ कू बेग शंखनाद होयके 5 बजे तक शयन होंय । आज संध्या आरती पीछे श्रंगार बडे होंय । शयन मे ठाकुरजी चौक मे रास चोंतरा पे बिराजें । अनोसर मे श्याम खिडकी की पाग धरे ।
* श्रीनवनीतप्रियाजी मे आज शरद के दर्शन होंय (शयन समय) । सामग्री- नित्यनेग ।

कार्तिक वद 2

दशमी को श्रंगार -

वस्त्रानुसार पिछवाई झाड की ।
सफेद सुनहरी कारचौब के वस्त्र, चीरा पे लूम की कलंगी । पन्ना की जोडी । श्रंगार हलको । ठाडे वस्त्र लाल ।
* आरती आज से अन्नकूट तक शयन मे थाली की होय ।
सामग्री- नित्यनेग ।

कार्तिक वद 3

साज पीली ज़री को ।
वस्त्र पीली ज़री के, पीलो दुमाला । चंद्रिका एवं कतरा सादा । आभरण हीरा मोती के ।
श्रंगार मध्य को । अनोसर मे पाग रहे । सामग्री- नित्यनेग । ठाडे वस्त्र श्याम ।
* ये श्रंगार होय जब सूं सांझ कूं शयन में गोवर्धन लीला गवें (अपने अपने टोल) ।

कार्तिक वद 4

श्रीकाकावल्लभजी के सप्तम पुत्र, श्रीगोकुलनाथजी को उत्सव (द्वादशी को श्रंगार) -

साज वस्त्र, चीरा - पीली ज़री के । कर्णफूल 4 , पन्ना के आभरण, । श्रंगार मध्य को । चंद्रिका चमकनी सुनहरी । ठाडे वस्त्र हरे । अनोसर मे पाग रहे । सामग्री- मेवाभात, नित्यनेग ।

कार्तिक वद 5

(राते पियरे टिपारे को सिंगार)

साज - श्याम साटिन सफेद गाय वारो ।
लाल ज़री के वस्त्र । लाल ज़री के वस्त्र को टिपारा, पीली ज़री के तुर्रा । चंद्रिका कतरा सादा ।
फिरोजा के आभरण । कुण्डल मकाराकृत । श्रंगार भारी । ठाडे वस्त्र पीले । सामग्री- नित्यनेग ।
* राजभोग मे कीर्तन होय - मदनगोपाल गोवर्धन पूजत ।

कार्तिक वद 6

(धनतेरस को श्रंगार) -

साज वस्त्र - हरे ज़री सरी वारे । चीरा पे सादी चंद्रिका । माणक के आभरण । कर्णफूल चार ।
श्रंगार भारी - चंद्रहार, कली एवं कमलमाला धरें । ठाडे वस्त्र लाल । सामग्री - नित्यनेग ।

कार्तिक वद 7

साज-वस्त्र केसरी ज़री । मुकुट को श्रंगार । कुण्डल मयुराकृत । चोटी धरें । ठाडे वस्त्र सफेद ।
पन्ना के आभरण । सामग्री- नित्यनेग ।

कार्तिक वद 8

(रूपचौदस के श्रंगार) -

साज वस्त्र लाल ज़री सरी वारे । चीरा पे सादी चंद्रिका । जोडी हीरा की , 4 कर्णफूल । जोडी हीरा, श्रंगार भारी - चंद्रहार, जूही, वल्लभी, कमलमाला धरें । ठाडे वस्त्र मेघश्याम । सामग्री-नित्यनेग ।

कार्तिक वद 9

(दिवाली के श्रंगार) -

साज-वस्त्र सफेद ज़री के टिपकी वारे । श्रंगार कुलह को, जोडी हीरा/माणिक मिलमा । मोपंख को जोड पांच को । मकराकृत कुण्डल । श्रंगार भारी - चंद्रहार, जूही, वल्लभी, कमलमाला धरें । चोटी धरें । ठाडे वस्त्र अरगजी पीले । सामग्री- नित्यनेग ।

कार्तिक वद 10

(आज सू तिलकायत के श्रंगार शुरु)

साज-वस्त्र सफेद ज़री कारचौब के । श्वेत चीरा पे लूम की कलंगी । श्रंगार हलको, जोडी पन्ना । अनोसर मे चीरा रहे । सामग्री- मनोर के लडुआ, नित्यनेग ।

* आज शयन मे कांच के बंगला मे बिराजे । न्योछावर होय ।
* आज से शयन मे लूम तुर्रा , ताईत धरके बिराजें ।
* आज से सफेदी उतरे सो कार्तिक सु. 3 कू चढे ।
* चौदस की दिवाली होय तो ये श्रंगार नवमी सू प्रारंभ होजाये ।
* आज राजभोग मे कांच को बंगला आवे । बिना गुम्बज को ।
* आज से भाई बीज तक चीरा अनोसर मे रहे । आज से शयन मे रोशनी होय ।
* आज से श्रीमहाप्रभुजी की पलंगडी सोने की और अधिकचा भाईबीज तक आवे ।

कार्तिक वद 11

(बडी सेवा)

साज-वस्त्र श्याम जरी सरी वारे । श्याम चीरा पे जमाव को कतरा । कर्णफूल 4 । हीरा की जोडी । श्रंगार खांचापुर । अनोसर में चीरा रहे। सामग्री- बूंदी के लडुआ, नित्यनेग ।

* राजभोग सू संध्या आरती 1 बंगला कांच को गुम्बज वालो आवे ।
* दिन मुहुर्त देख के अन्नकूट की रसोई में कढाई को मुहुर्त होवे ।
* शयन मे त्रवल के सिंगार होयके तिबारी मे हटडी होवे । न्योछावर होय ।

कार्तिक वद 12

(वाघ बारस)

साज-वस्त्र पीली ज़री । चीरा । सुनहरी चमकनी चंद्रिका । कर्णफूल 4 । पन्ना की जोडी । चंद्रहार, पवित्रा एवं कमलमाला धरें ।

* राजभोग मे चांदी को 1 बंगला आवे (बिना गुम्बज को)
* शयन मे बगीचा मे कांच की हटडी मे बिराजें, दीपदान होवें । न्योछावर होय ।

* टाटवाफीकी के तकिया की और सब खोली चढे ।
सामग्री- मेवाबाटी, नित्यनेग ।

कार्तिक वद 13
(धनतेरस)
साज-वस्त्र हरे ज़री सरी वारे । तीनों दिवालगिरि चंदरवा चढे ।
चीरा पे सादा चंद्रिका । कर्णफूल 4 । चंद्रहार, कली, कमलमाला धरें । भारी श्रंगार । अनोसर मे चीरा रहे । आरती मंगला से शयन तक थाली की ।
* राजभोग मे 3 बंगला चांदी के गुम्बज वाले आवे ।
* उत्थापन सू चौतरा पर कांच के बडे छज्जा मे सांगामाची पर बिराजें ।
* शयन मे लूम-तुर्रा धरके बिराजें, शयन मे रोशनी होय । न्योछावर होय ।
* शैय्या मे अधिकचा चढे ।
सामग्री - आधा पाटिया, फेनी, संजाब की खीर, छाछबडा, बिल्सारू, मूंग की दाल, पकोडी की कढी, बडी को शाक तथा नित्यनेग ।

कार्तिक वद 14
(रूप चौदस)
साज लाल दिवाली वालो । गादी हीरा की । श्रीमहाप्रभुजी आभुषण धरें ।
सुनहरी फूरकसाई के वस्त्र, चीरा । सादी चंद्रिका । कर्णफूल 4 , हीरा की जोडी ।
सीसफूल पर हीरा को अर्धचन्द्र । उत्सव के भारी श्रंगार - जूही, वल्लभी, कमलमाला धरें।
आरती मंगला से शयन तक थाली की । कुंजा आबकोरा सब जडाऊ साज आवे । सांझ कू सब क्रम चौतरा पर बडी सफेद कांच की हटडी मे होय । फूल के पडगा आवें ।
* आज मंगला बेग सो होवें ।
* अभ्यंग चून के 4 दीपक की रोशनी मे होय ।
* बडो अभ्यंग होवे । स्नान के पट्टा पर श्री कूं पधराके बीडा 2 धरके तिलक अक्षत प्रभु कूं करने । पीछे अक्षत बडे करके अभ्यंग कराने ।
* राजभोग मे 3 बंगला चांदी के ।
* आज से सब समय निजमंदिर मे बिराजें ।
* आरती मंगला से शयन तक थाली की ।
* भोग, संध्या, शयन तक सब क्रम हटडी मे होय । शयन आरती बाद श्रंगार बडे होय ।
* शयन आरती हटडी मे खिलोना सब जडाऊ । न्योछावर होय ।
* मूडाजी के वस्त्र लाल आवें ।
सामग्री- आखो पाटिया ,ठोड, मठडी, छाछबडा, संजाब की खीर, बिलसारू, मूंग की दाल , पकोडी की कढी, बडी के शाक तथा भोग उत्सव वत ।

कार्तिक वद अमावस्य
(दिपावली)

साज-वस्त्र सफेद फूरकसाई को । श्रीमहाप्रभुजी के श्रंगार होवें, अधिकचा आवे । गादी जडाऊ की । श्री कूं अभ्यंग होवें । कमलपत्र । सफेद ज़री फुरकसाई के वस्त्र- वागा चाकदार, कुलह ऊपर 5 चंद्रिका को जोड । बडे फोंदना, तीन जोडी के भारी श्रंगार होवें । सीसफूल हीरा को, कुण्डल लाल मकराकृत । कस्तूरी की माला धरें । गादी के श्रंगार दुहेरा, चंद्रहार, कली, जूही, वल्लभी, कमलमाला धरें । वाके ऊपर कंठला हमेल । चोटी माणिक की । वेणु वेत्र जडाऊ । ठाडे वस्त्र चंपई (पीले) ।

* सब साज खिलोना सोना/जडाऊ के, कुंजा आबकोरा आवें । पूरे दिन झारी जमनाजल की ।
* मंगला से शयन तक 3 बंगला - सोना चांदी के आवें । पूरे दिन आरती थाली की । अनोसर नित्यवत ।

सांझ की सेवा नित्यवत । श्रंगार विजय नहीं होंय (शयन भोग श्रंगार सहित आरोगें) । शयन भोग सराय श्रीठाकुरजी कू निजमंदिर सिंहासन पर पधराय माला और बीडा धरने । कुमकुम के अष्टदल की आरती होवे । छोटे स्वरुपन कू हटडी मे झारी, बीडा-बंटा सहित पधराने तथा श्रीठाकुरजी कू चकडोल मे पधरावने ।

* कानजगाई को प्रकार :-

श्रीठाकुरजी कू चकडोल मे पधरावने ।
दर्शन खुलें...श्री कूं पधरावते जानो ओर बीरी आरोगावते जानो । गोर्धनचौक पधारकर केसरी हांडी आरोगें । गाय कू प्रसाद खिलानो । गाय के कान मे कहनो के कल गोवर्धन पूजा है सो खेलवे आईयो । फिर श्री कूं बीरी आरोगावते भीतर पधरावने ।

* हटडी मे पधराय के दर्शन खोलनें।

2 बीडा आरोगें । हटडी मे सब साज जडाऊ साहित्य आवें । आरती, राईलोन-न्योछावर होवे । टेरा आवें । भीतर चौपड की आरती के लिये गादी सहित श्री कूं शैय्या मंदिर में शैय्याजी पे पधरावने । वेणु-वेत्र धरके आरसी देखें, भेट-न्योंछावर होय । आरती चौपड मंडी भई, चून के दिवला की चार मुठिया वार के होय । मोरपंख को जोड और श्रीअंग की मालाएं बडे करके वागा सहित पोढावने । श्रीमस्तक को सब श्रंगार रहे । श्रीअंग पे हांस, 1 त्रवल, 1 माला मोती की रहे ।
अनोसर मे सब विशेष सामग्री अधकि मे पास आवे ।

सामग्री - सेव के लडुआ, दिवला ।
हांडी, मीठो शाक, दूधघर को दिवला तथा दूधघर की सब सामग्री ।
आखो पाटिया, तिनकुडा, मूंग की दाल, पकोडी की कढी, खीर की गागर - संजाब की । दहीबडा, बिलसारू, पापड-कचरिया, तिलवडी-ढेबरी तथा भोग उत्सववत ।

<u>कार्तिक सुद 1 (अन्नकूट)</u>

श्री कूं जगायके ओढनी ओढावनी । मंगलभोग आवे । भोग सरे पीछे थाली की आरती होवे । स्नान होय । कमल पत्र होंय । सिंगार सब दिवारी को आवे । बडे हमेल नहीं धरे । गोकर्ण लाल ज़री के धरें, चोटी आवे । आरसी देखें । राजभोग आवें । भोग सरायके बीडी आरोगे, माला धरें । सब साज मण्डे , राजभोग आरती थाली की होय ।

गोवर्धन पूजा को प्रकार :-

पीछे भीतर ही श्रीठाकुरजी तथा श्रीगिरिराजजी कू चकडोल मे पधरावने ।

पीछे पीतांबर श्रीठाकुरजी के बांई आडी ओढावनो माला के नीचे । श्रीगोवर्धन पूजन के कीर्तन होय । कीर्तन होते मे श्रीठाकुरजी बीरी आरोगते पधारें । आधी बीरी आरोगें। गोर्धनचौक पधारते ही दूध की हांडी आरोगे ।

श्रीगिरिराजजी कू गोवर्धन-पर्वत पर, लाल पीतांबर के आसन पे पधरावने । फिर दंडवत करिके श्रीगिरिराजजी कू तिलक, अक्षत, तुलसीजी समर्पनो । आचमन प्राणायम करनो,फिर संकल्प करके जल-अक्षत छोड देनो ।

प्रथम श्रीगिरिराजजी कू मानसीगंगा से स्नान करावने । फिर दूध और दही सू स्नान करावने । (छेल्ले 2 शंख फिरसू दूध सू स्नान होय), अरगजा सू स्नान करायके जल सू स्नान करावनो । फिर वही पर्वत पे पीतांबर के आसन पे पधरायके ऊपर सू पीतांबर ओढावनो । माला धरावनी । उपरना धरानो, झारीजी जमुनाजल की धरनी । कुनवारा भोग आवे , तुलसी समर्पनी । धूप-दीप-शंखोदक होय । समय होय भोग सरे, आचमन मुखवस्त्र होय । 2 बीडा धरने । आरती 3 खण्ड की होय । न्योछावर 2 रुपया होय । कुमकुम और हल्दी के थापा होय । परिक्रमा 4 होवे । फिर श्रीगिरिराजजी को संग पधरायके श्रीठाकुरजी बीडी आरोगावते अन्दर पधरावनें । टेरा आवें ।

भीतर कुमकुम के अष्टदल की आरती चून के दिवला की होवे । फूल उडे । राईलोन न्यौछावर होय । फिर श्रीठाकुरजी कू सिंहासन पर पधरायके शीतलभोग आवे । और अन्नकूट भोग साजने ।

अन्नकूट भोग धरवे को प्रकार :-

वर्षभर मे की सब सामग्री यथाशक्ति सो करनी । सबसू आगे दूधघर, पीछे अनसखडी और वाके पीछे सखडी भोग धरने । सखडी भोग के मध्य मे कोरी हल्दी को अष्टदल मांड के वापे छाब पधराके वामे कुंडा में पाटिया की सेव पधराके वाके ऊपर भात को कोट साजनो । कोट के ऊपर मध्य मे शिखर, आजू बाजू चार गूंजा आवे । चार गूंजा एक प्रभु सम्मुख मध्य मे एवं एक शिखर के पीछे एक और दो अगल बगल । पीछे तुलसी की माला कोट पर आवे । जल की अधकि की मथनिया प्रभु के पास शीतलभोग सरायके साजनी । और अन्नकूट के भोग धरने । चार घडी का समय (अंदाजन डेढ घंटा पक्के) । समय भये भोग सरावने । दर्शन खुलें ।

आरती सोने के दिवला की होय । आरती बाद शिखर और घी को चमचा वडो होय ।

श्रीठाकुरजी कू खुले दर्शन मे भीतर निजमंदिर पधरावने । समय होय तो अनौसर होय, नहीं तो चालू सेवा रहे । संध्या आरती होने के बाद श्रंगार बडे होवें । सुपेद ज़री को चीरा और ताईत धरें । शयनभोग आवें । शयन आरती थाली की होय । अनौसर मे सुपेद ज़री को चीरा और ताईत रहे ।

कार्तिक सुद 2
(भाईदूज)

साज लाल ज़री को । वस्त्र लाल ज़री लप्पा के ।
श्रीमहाप्रभुजी के श्रंगार होंय, अधिकचा लाल ज़री को आवे ।
अभ्यंग - अंजन होंय । लाल खीनखाप को वागा, ओढनी । ज़री को चीरा, सादी चंद्रिका ।
2 कर्णफूल, पन्ना की जोडी । श्रंगार हलको उत्सव को ।
गादी पर सब उत्सव की माला धरें, हार नहीं । अनौसर मे चीरा रहे ।
ठाडे स्वरुप के लाल खीनखाप को घेरदार वागा, ठाडे वस्त्र सफेद ।
* राजभोग धरते समय झारी जमनाजल की आवे ।
* राजभोग धरते समय मालाजी धरें सो उत्थापन मे बडी होवे ।
* राजभोग की सामग्री प्रभु सन्मुख साजके कोर दाल सू साननो । पीछे हाथ धोयके सब स्वरुपन कू तिलक-अक्षत करनो । बीडा 2 कंकू लगायके धरने पीछे आरती चून के दिवला की चार मुठिया वारके करनी । न्योछावर पीछे तुलसी समर्प के भोग धरने ।

सामग्री - आधा पाटिया, आखे मूंग की खिचडी, बंध्यो दही, पापड, बिलसारू, छाछबडा, संजाब की खीर, बडी को शाक, दहीभात । मूंग की दाल, पकोडी की कढी ।

कार्तिक सुद 3

साज गिरिराजधारण की पिछवाई । सफेदी चढे ।
सफेद ज़री के वस्त्र, चीरा पे जमाव को कतरा । माणिक की जोडी, श्रंगार हलका ।
शयन मे पाग सादी । सामग्री - नित्यनेग ।

कार्तिक सुद 4

साज गिरिराजजी वालो ।
वस्त्र पीली ज़री के, श्रंगार चीरा पे कतरा । जोडी हीरा की, हलका श्रंगार ।
अनोसर मे सादा पीली पाग धरें । सामग्री - नित्यनेग ।

कार्तिक सुद 5
(लाभ पांचम)

साज-वस्त्र सफेद ज़री के । श्रंगार सफेद ज़री को टिपारा । बीच मे सफेद ज़री के गोकर्ण एवं सादी चंद्रिका । आजू बाजू सादा कतरा । जोडी पन्ना - मयुराकृत कुण्डल, चोटी धरें । भारी श्रंगार - चन्द्रहार, पवित्रा, कमलमाला धरें । सामग्री - नित्यनेग ।

कार्तिक सुद 6

साज-वस्त्र श्याम ज़री के । चीरा पे कतरा ज़री को । फिरोजा के आभरण, शृंगार हलको ।
सामग्री- नित्यनेग ।

कार्तिक सुद 7

साज, वस्त्र हरे ज़री के । गोल चीरा पे सादा चंद्रिका । माणिक के आभरण, श्रंगार हलको ।
सामग्री- नित्यनेग ।

कार्तिक सुद 8

(गोपाष्टमी)

साज श्याम साटन पर सफेद कसीदा की गाय ।
श्रीमहाप्रभुजी के पलंगडी सोना की, अधिकचा आवे ।
वस्त्र सुनहरी ज़री के । बडो हीरा को मुकुट । आभरण सब हीरा के, कुण्डल मकराकृत धरें ।
कस्तूरी की माला धरें । भारी श्रंगार दुहेरा - चंद्रहार, कली,जूही, वल्लभी, कमलमाला धरें ।
चोटी नहीं धरें । पट वाघ बकरी को मंडे । अनोसर मे लाल कुलह धरें ।
(ठाडे स्वरुप के सूथन लाल, मेघश्याम चोली, काछनी लाल-हरी, ठाडे वस्त्र सफेद एवं पीताम्बर को उपरना (रासपटुका की तरह धरें)।
सामग्री- हांडी । मनोर के लडुआ, खीर संजाब की, बिलसारू, छडियल दाल (मूंग की पीली), पकोडी की कढी, दहीभात, बडी के शाक, पापड-कचरिया ।

कार्तिक सुद 9

(अक्षय नवमी)

साज - बडी गायन वारी चित्रकाम की साज-पिछवाई ।
अन्नकूट के श्रंगार होवें । लाल ज़री के गोकर्ण । जोड पांच को । कटला नही धरें ।
* पलना समय पलना कूं मध्य मे पधरायके परिक्रमा देनी ।
* राजभोग सू संध्या आरती तुलसीजी की वनमाला आवे ।
* अनोसर मे केसरी कुलह धरें ।
सामग्री- हांडी । ठोड, मठडी, बूंदी के लडुआ, मीठे पेठा को बिलसारू, मूंग की दाल, पकोडी की कढी ।

कार्तिक सुद 10

साज-वस्त्र लाल लिस्मा ज़री के । चीरा पे सादी चंद्रिका । श्रंगार हलको । सुनेरा के आभरण ।
श्रंगार हल्को । शयन मे पाग सादा लाल । सामग्री-नित्यनेग ।
* सफेदी बडी होय ।
* रजाई, गद्दल, आत्मसुख आदि शीतकालिक साहित्य की तैयारी करनी ।

कार्तिक सुद 11

(देव प्रबोधिनी एकादशी)

साज-वस्त्र सुनहरी फूरकसाई ज़री के । तीनों चंदरवा दिवालगिरि चढे ।
श्रीमहाप्रभुजी के श्रंगार होंय, अधिकचा आवे ।
अभ्यंग उबटन होय । कमलपत्र होंय । आत्मसुख लाल धरें । सुनहरी फूरकसाई ज़री के वस्त्र ।
कुलह को सिंगार, जोड 5 को । मकराकृति कुण्डल, भारी श्रंगार - कस्तूरी की माला धरें । सब

उत्सव के आभरण आवे - चंद्रहार, जूही, वल्लभी, कमलमाला, कटला धरें । लाल सीसफूल हीरा को अर्धचंद्र धरें । छोटी लाल मणी लीली मणी की त्रवल श्रीअंग पर आवे, गादी पर त्रवल नही धरें । चोटी नहीं धरें ।
सामग्री - (राजभोग मे) पाटिया, बैंगन के शाक, मूंग की दाल, पकोडी की कढी, पापड-कचरिया और भोग उत्सव वत ।

* झारीजी पर लाल पटवस्त्र आवें आजसूं नित्य (आच्छादन) ।
* सिंहासन के नीचे रुई की गादी बिछे ।
* लाल रुई को आत्मसुख वागा के भीतर नित्य आवे ।
* चोटी बन्द आज सू ।
* गुड की कटोरी राजभोग मे नित्य आवे ।
* मंडप मांडनो ।
* मण्डप सवेरे को होय तो ग्वाल मे डबरा आरोगायके पधरावें ।
* सांज कू मण्डप होय तो मण्डप को सब क्रम होयके शयनभोग आरोगवे पधारें ।

देवोत्थापन के समय की तैयारी -
साठा को मंडप बंधावनो । चार छाब तैयार करनी वामे प्रत्येक मे सांठा के टूक, बैंगन, शकरकन्द, बोर, सिंहाडा, चणा की भाजी पधरावनी । चारों छाब मण्डप के चारो कोना मे धरनी ।
गद्दल तैयार राखनो । अंगीठी प्रकटावनी । घी के 16 दिया जोडके रखने ।
श्रीठाकुरजी को मंडप मे पधरावने । झारीजी पधरावने । अब सावधानी सू तीन बिरिया श्रीठाकुरजी को चौकी सुद्धा उठावने पीछे दण्डवत करि छोटे ठाकुरजी कू स्नान के चांदी के पट्टा पर पधरायके तिलक करनो, बीडा 2 धरने । फिर संकल्प करी पंचामृत करावने, शुद्धस्नान कराने ।
छोटे ठाकुरजी कू श्रीठाकुरजी के जेमनी आडी पधरायके पीतांबर, माला-बीडा, तिलक करनो ।
ता पाछे फरगुल और गद्दल कू अंगीठी दिखायके धरने । झारीजी पर लाल आच्छादन धरनें ।
चंदन सू माला खिलानी एवं चरणार्विंद मे तुलसी समर्पे । टेरा आवे , भोग धरने ।
तुलसी पूजन करनो ।

मण्डप के भोग मे - जलेबी, सकलपारा, दहींबडा, शिखरनबडी, संधाना, बिलसारू, रतालू , फराल को सब आवे ।
सांठा के टूक, सांठा को रस, लीला मेवा, पना आवें । शंखोदक- धूपदीप करें ।
समय भये भोग सराय वेणु-वेत्र धराय (थाली मे मण्डप की) आरती करनी ।
राईनोन-न्योचावर उतरे । परिक्रमा 4 करनी ।
शयन मे राजभोग को सब साज मण्डे । वेणु-वेत्र धरके आरती थाली की होय । पेंडा बिछे, जागरण के दर्शन होंय । समय भये पे टेरा आवें जागरण के भोग धरने ।
(जागरण के भोग मे - बूंदी, जलेबी , दूधघर की बटेरी, दहीबडा, सिखरनबडी, संधाने की बटेरी, सांठा के टूक । तुलसीजी भोग मे आवे, शंखोदक-धूपदीप होय ।)

समय भये पे भोग सरे, बीडा धरें । साज मण्डें । वेणु-वेत्र धरके आरती थाली की होय । याही प्रकार तीनभोग आवें । चौथे भोग और मंगलभोग भेले आवें ।

कार्तिक सुद 12

(श्रीगुसांईजी के प्रथम लालजी महानुभाव श्रीगिरिधरजी को उत्सव)

साज, वस्त्र, श्रंगार सब वोही रहे । श्रीमहाप्रभुजी केसरी ओढनी ओढे ।
मंगला आरती होयके, माला को हेला होय । आरसी देखें । घईया-डबरा आरोगके पलना भीतर झुलें । गोपीवल्लभ / राजभोग भेले आवें ।
राजभोग मे दूधघर, अनसखडी , सखडी सब उत्सव वत । श्रीमहाप्रभुजी को भोग न्यारो आवे ।
भोग सरें पलंगडीजी के भी आचमन-मुखवस्त्र होवें । बीडा 4 धरें । फिर श्रीठाकुरजी के आचमन होवें ।
राजभोग मे तिलक होय । आरती चून के दीवला की आठ मुठिया वारी ।
श्रीमहाप्रभुजी के भी तिलक होय । बीडा धरें । आरती होय । राईनोन-व्यौछावर करें । बडी आरसी देखें । * (श्रीठाकुरजी की माला बडी होवे । श्रीमहाप्रभुजी की माला बडी नहीं होवे । उत्थापन मे बडी होय ।)
* पीछे सब आपस मे तिलक करें ।

सामग्री - बूंदी जलेबी । हांडी, केसरी सफेद - पेडा, बर्फी, खोपरापाक, बासोंदी, दही ।
मीठो शाक, खीर, पांच भात, दहीबडा, सिखरनबडी मूंग की दाल, पकोडी की कढी, तिनकुडा तथा भोग उत्सव वत ।

कार्तिक सुद 13

साज लाल ज़री के । वस्त्र लाल ज़री के (एकादशी वारे),
चीरा, हीरा को सेहरा । आभरण सब हीरा के । मोती की चोटी, हीरा के मकराकृत कुण्डल,
श्रंगार भारी दुहेरा - चन्द्रहार, पवित्रा कमलमाला धरें ।
(ठाडे स्वरुप के लाल ज़री के घेरदार, पटुका केसरी, ठाडे वस्त्र मेघश्याम) ।
* अनोसर मे सादा लाल पाग रहे । * सफेदी चढे ।
सामग्री- नित्यनेग ।

कार्तिक सुद 14

साज पीले खीनखाप को साज ।
वस्त्र पीले खीनखाप के । श्रंगार चीरा पे गोलचंद्रिका । जोडी पन्ना की । हलको श्रंगार ।
ठाडे वस्त्र श्याम । सामग्री- नित्यनेग ।

कार्तिक सुद पूनम

सफेद ज़री को साज (रासवालो)।
वस्त्र सफेद ज़री के । श्रंगार किरीट मुकुट को । मयुराकृति कुण्डल, हीरा के आभरण ।

चोटी नही धरें । चन्द्रहार, पवित्रा, कमलमाला धरें । ठाडे वस्त्र लाल। सामग्री- नित्यनेग ।

मागसर वद 1

लाल साटन को साज ।
लाल साटन के वस्त्र । लाल साटन को टोपा, उसपर पन्ना को टोप धरें ।
जोडी पन्ना, हलको श्रंगार । ठाडे वस्त्र सफेद । सामग्री- मनोर के लड्डुआ, नित्यनेग ।
* आज सू समस्त शीतकालिक सेवा अंगीठी, फर्गुल, गद्दल, शईया पे रजाई आदि सब शुरु होय (ठंड नही होय, तोभी ब्रजभावना-लीला भावना के हिसाब सू अंगीकार होवे) ।
* आजसू गोपीवल्लभ मे नित्य खिचडी-कढी आरोगें । उत्सव तथा जन्मदिन पर खिचडी के ठिकाने छोंको भात आवे ।

मागसर वद 2

साज हरो, वस्त्र हरे चाकदार । श्रंगार ग्वालपगा । जोडी माणिक । श्रीकर्ण मे लोलकबंदी धरें।
मध्य को सिंगार । ठाडे वस्त्र पीले । सामग्री- बूराभुरक्या, नित्यनेग ।

मागसर वद 3

साज-वस्त्र पतंगी । श्रंगार टोपा, जोडी फिरोजा । सामग्री - बूंदी के लड्डुआ, नित्यनेग ।

मागसर वद 4

(छः स्वरुप को उत्सव - श्रीप्रियाजी के मन्दिर में भयो)

लाल ज़री शीतकाल की भारी साज-पिछवाई ।
लाल लिस्माज़री के वस्त्र । लाल ज़री को बीच को दुमाला । चमकने रुपेरी कतरा-चंद्रिका ।
हीरा के आभरण । कुण्डल मकराकृत, भारी श्रंगार - चन्द्रहार, पवित्रा धरें । ठाडे वस्त्र मेघश्याम ।
पट बाघ बकरी को मंडे । अनोसर मे कसूमल पाग धरके पोढे ।
* आज सफेदी नहीं आवे गादी तकिया पर ।
सामग्री- हांडी, आधा पाटिया, मनोर के लड्डुआ, मूंग की दाल, पकोडी की कढी तथा भोग उत्सव वत ।

मागसर वद 5

साज-वस्त्र गुलाबी ज़री के । ज़री को टोपा । जोडी पन्ना । ठाडे वस्त्र लाल । सामग्री - फेणी, नित्यनेग ।

मागसर वद 6

साज-वस्त्र फिरोजा । श्रंगार टोपा । जोडी माणिक । सामग्री- बूंदी के लड्डुआ ।

मागसर वद 7

साज पतंगी ।
वस्त्र पतंगी । श्रंगार हलको । पीली गोलपाग पर पीलो छोर (फेंटा) । ज़री की गोलचंद्रिका ।

हीरा के आभरण । पीलो गद्दल ।
(ठाडे स्वरुप के सब वस्त्र पतंगी, घेरदार वागा । ठाडे वस्त्र मेघश्याम । और मोजा, कटिपटुका और पाग-फेंटा पीलो) सामग्री - मोहनथाल, नित्यनेग ।

मागसर वद 8
(श्रीगुसांईजी के द्वितीय लालजी श्रीगोविन्दरायजी को उत्सव)
साज लाल साटिन को ।
लाल साटिन के वस्त्र । माणक की कुलह । पन्ना को पान, हीरा के तुर्रा ।
जोड सोनेरी चमकनो । हीरा-पन्ना के मिलमा आभरण । श्रंगार भारी - चन्द्रहार, पवित्रा, कमलमाला धरें । ठाडे वस्त्र मेघश्याम । * अनोसर मे वस्त्र की लाल कुलह धरके पोढें ।
सामग्री- आधापाटिया, उपरेटा । हांडी, मूंग की दाल, पकोडी की कढी तथा भोग उत्सववत ।

मागसर वद 9
साज श्याम मोती को । वस्त्र श्याम मोती भरे भये । पाग और मोजाजी मोती भरे भए ।
मोती को कतरा । हलको श्रंगार । वेणु-वेत्र, कडा, गादी मोती की । ठाडे वस्त्र लाल ।
सामग्री - * खीर रोटी को मंगलभोग आरोगें ।
(घऊ और उडद की रोटी, सफेद मीठी खीर)
कूर के गुंजा, नित्यनेग ।

मागसर वद 10
(गो.श्रीउत्तमश्लोकजी महाराजश्री को उत्सव) - हरी घटा
गादी हरे मीना की । साज, वस्त्र, मोजाजी , पिछवाई, दिवालगिरि, ठाडे वस्त्र सब हरे दरयाई के ।
श्रीमहाप्रभुजी के अधिकचा हरे , शईयाजी पर हरे अधिकचा तथा रजाई हरी ।
श्रंगार पाग पर हरे रेशम को कतरा । आभरण पन्ना के । हलको श्रंगार ।
* सोना को पलना झूलें ।
सामग्री - आधा पाटिया, हांडी, हरी पूडी, डेढी खीर चोखा की केसरी । मूंगकी दाल, पकोडी की कढी, तथा भोग उत्सव वत । दूधघर, अनसखडी मे सब हरि सामग्री आवें ।
(हरियाली अमावस वत)

मागसर वद 11
साज गुलाबी ।
वस्त्र लाल ज़री लप्पा के । श्रंगार हीरा को जडाऊ टिपारा । मकराकृत कुण्डल ।
केसरी ज़री को रुमाल धरें । हीरा के सब आभरण । भारी श्रंगार ।
(ठाडे स्वरुप श्रीअंग पर लाल चाकदार वागा, लाल उपरना गाती को, और उसपर केसरी रुमाल धरें। ठाडे वस्त्र श्याम)
सामग्री - सकरपारा, शकरकंद को मगद , नित्यनेग ।

मागसर वद 12

(पेहली चौकी - नियम को सिंगार)

साज बैंगनी । वस्त्र बंगनी रंग के साटिन के । सुनहरी ज़री की फतवी धरें ।
चीरा पे सोनेरी लूम की कलंगी । हीरा के आभरण । श्रंगार हलको ।
* आज श्रीकंठ मे दुग्दुगी धरें । हांस नहीं धरें ।
* लालन श्रीअंग पे 1 माला धरें । ठाडे स्वरुप तिल्लडा धरें, ठाडे वस्त्र सफेद ।
* संध्या आरती मे चौक मे चांदी के बंगला मे बिराजें ।
* अनौसर मे सादा पाग धरिके पोढें ।
सामग्री - मंगलभोग मे तवापूडी आरोगें । राजभोग तथा पूरे दिन मठडी, नित्यनेग ।

मागसर वद 13

(श्रीगुसांईजी के सातवे लालजी श्रीघनश्यामजी को उत्सव)

साज लाल साटन को ।
लाल साटन के वस्त्र । पन्ना की कुलह - रूपेरी जोड चमकनो । भारी श्रंगार - चन्द्रहार, पवित्रा धरें ।
मकराकृत कुण्डल, आभरण सब पन्ना के । ठाडे वस्त्र पीले ।
सामग्री - आधो पाटिया, घेवर, हांडी, मूंग की दाल, पकोडी की कढी, कचोरी , बाकी सब नित्यनेग ।

मागसर वद 14

साज-वस्त्र हरे खीनखाब । श्रंगार टोपा को । जोडी माणिक । सामग्री-नित्यनेग ।

मागसर वद अमावस्य

(श्याम घटा)

साज-वस्त्र श्याम बिना किनारी के ।
गादी, तकिया सब श्याम साटिन के । श्रंगार पाग पे हीरा को कतरा ।
हीरा के आभरण, श्रंगार हलको । माला तुलसी की धरें । ठाडे वस्त्र श्याम, घेरदार वागा ।
सामग्री - खोवा के गूंजा, नित्यनेग ।

मागसर सुद 1

(ऐछिक)
साज-वस्त्र कोयली । श्रंगार टोपा । आभरण सोनेला के । सामग्री - नित्यनेग ।

मागसर सुद 2

(चन्द्रघटा - दूज के चंदा को श्रंगार)

साज सब श्याम घटा को । श्री के वस्त्र, चीरा और गद्दल सफेद ज़री के ।
आभरण हीरा के । श्रंगार हलको । ठाडे स्वरुप सफेद घेरदार धरे, ठाडे वस्त्र मेघश्याम ।
* पिछवाई में चांदी को चंद्रमा आवे ।

(पांच चंद्रमा को श्रंगार :- चीरा पे चंद्रमा को कतरा, सीस्फूल पे अर्धचंद्र, हांस, पिछ्वाई पे चंद्र और स्वयं आपश्री को मुखचंद्र)
राज्भोग मे - आधो मुख निलांबर सों ढाक्यो - यह कीर्तन होय । सामग्री - पपची, नित्यनेग ।

मागसर सुद 3
साज-वस्त्र सफेद साटिन । टोपा । जोडी पन्ना । सामग्री- मोहनथार, नित्यनेग ।

मागसर सुद 4
साज-वस्त्र लाल ज़री को । श्रंगार पाग-कतरा । जोडी हीरा । श्रंगार हलका ।
सामग्री- चोरीठा को मगद, नित्यनेग ।

मागसर सुद 5
(श्रीजीवनजी महाराज उत्सव - दोहरा मंडान)
साज लाल शीतकाल को भारी । तकिया आधी सफेदी के धरें ।
वस्त्र लाल खीनखाब के । कुलह पे खूप को श्रंगार (मतलब कुलह-पान पे बिना पंख को मुकुट)
कुण्डल मकराकृत । भारी श्रंगार - जूही, कली, वल्लभी, कमलमाला धरें ।
आभरण हीरा- माणिक मिलमा धरें । ठाडे स्वरुप चाकदार धरें, ठाडे वस्त्र केसरी ।
सामग्री - नित्य सू नेग दूनो भराय । आखो पाटिया, हांडी दोहरी, सेव के लडुआ, मेवाभात, दहीभात, मूंग की दाल, पकोडी की कढी तथा भोग उत्सव वत ।
* सिर्फ राजभोग मे 2 आरती थाली की, बाकी सब समय दोहरी आरती नित्य की होय।
* आज झारी, बंटा, माला, बीडा, कडा, अंगीठी, आरती सब सेवा दोहरी होवें ।
* चौपड को पट लाल दुहेरे घर वालो आवे ।
* वेत्र गादी के दोई आडी आवें ।
* गेंद चौगान भी दोई आडी दुहेरा आवें ।
* अनोसर मे पाग धरके पोढें ।

मागसर सुद 6
(श्रीजीवनजी गादी बिराजे उत्सव)
साज लाल मखमल मोती वारो । गादी लाल मोती भरी भई ।
मोती टक्यो वागा और वस्त्र लाल मखमल के धरें । लाल मोती भरी पाग पे मोती को कतरा ।
जोडी मोती, हलको श्रंगार । ठाडे वस्त्र कत्थई ।
सामग्री - * बेंगनभात को मंगलभोग, राजभोग मे हांडी, रसेली बूंदी । सामग्री नित्यनेग ।

मागसर सुद 7
(श्रीगुसांईजी के चतुर्थ लालजी श्रीगोकुलनाथजी को उत्सव)
साज - हरी साटन पे किनारी की झाड वालो ।
लाल रेशमी छापा के वस्त्र । माणक की जडाऊ कुलह । 5 मोरपंख को जोड ।

माणक के सब आभरण । श्रंगार भारी दुहेरा- चन्द्रहार,पवित्रा धरें । कुण्डल मकराकृत ।
ठाडे स्वरुप के चाकदार, ठाडे वस्त्र मेघश्याम ।
सामग्री - आधा पाटिया, धास के लडुआ, संजाब की खीर, हांडी, मूंग की दाल, पकोडी की कढी ।

मागसर सुद 8
(श्रीगोवर्धनेशलालजी महाराज कृत सात स्वरुप को उत्सव)
साज लाल साटन की केल के झाड वालो ।
लाल खीनखाप के वस्त्र । हीरा की कुलह । जोड सुनहरी चमकनो । हीरा के सब आभरण ।
कुण्डल मकराकृत, श्रंगार भारी दुहेरा - चन्द्रहार, जूही, वल्लभी, धरें । ठाडे वस्त्र हरे ।
हकीक को कटला । अनोसर मे केसरी कुलह धरके पोढे ।
सामग्री - आधा पाटिया, दहीथडा, हांडी, बासौंदी ,मूंग की दाल, पकोडी की कढी ।

मागसर सुद 9
(लाल घटा - श्रीगुसांईजी के उत्सव की बधाई बैठे)
साज, फर्गुल, गद्दल, गादी, तकिया, मोजाजी, रजाई, ठाडे वस्त्र सब लाल ।
वस्त्र लाल घेरदार । पाग पे लाल रेशम को कतरा । श्रंगार हलको । जोडी माणिक ।
सामग्री - मीठी कचोरी, लाखनशाही, नित्यनेग ।

मागसर सुद 10
साज-वस्त्र गुलाबी साटिन । श्रंगार टोपा । जोडी फिरोजा । सामग्री - फेनी, नित्यनेग ।

मागसर सुद 11
हरे डुमस (दुमाश) को साज ।
लाल खीनखाब के वस्त्र, श्रंगार किरीट मुकुट । कुण्डल मयूराकृत । पन्ना के आभरण । श्रंगार भारी । चन्द्रहार, पवित्रा धरें । ठाडे स्वरुप के चाकदार वागा, गाती को उपरना, ठाडे वस्त्र मेघस्याम ।
सामग्री - सकरपारा, सूरण को मगद, नित्यनेग।

मागसर सुद 12
(दूसरी चौकी -खीरबडा की चौकी)
साज हरी साटन लाल हासिया को ।
हरी साटन के वस्त्र बिना किनारी के । कसुमल गोल पाग, मोरपंख को दोहरो कतरा ।
श्रीअंग पे लाल दर्याई के बन्द धरें । जोडी हीरा । हलको सिंगार ।
* हांस नहीं धरें । लालन श्रीअंग पर 1 माला धरें ।
* ठाडे स्वरुप तिल्लडा धरें । घेरदार वागा । ठाडे वस्त्र सफेद ।
सामग्री - राजभोग तक खीरबडा आरोगें । शाम को ठौर आवे । नित्यनेग ।

मागसर सुद 13

साज-वस्त्र पीरे साटिन । श्रंगार टोपा । जोडी पन्ना की । सामग्री- मोहनथाल नित्यनेग ।

मागसर सुद 14

(अमरसी घटा)

